# PROGRESS REPORT
# 2023-2024










# YUVA VIKAS SAMITI

VILL- THARAULI,, POST- GUAURA UPADHYAY,
DISTRICT-BASTI, UTTAR PRADESH
PIN CODE- 272124
Email- yvsngo@gmail.com

www.yvsindia.org

9598975008, 9454309514

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक

संस्था द्वारा वर्ष 2023–24 में महिलाओं के सशक्तिकरण, बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। जिसके अन्तर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल वृद्धि कार्यक्रम के साथ ही बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था संस्था द्वारा की गयी। इसके अलावा विज्ञान प्रसार, जीव जन्तु कल्याण, उपभोक्ता कल्याण, स्थाई कृषि, स्वच्छ पेयजल, पुस्तकालय एवं वाचनालय जैसे मुद्दो पर भी संस्था द्वारा संघनता से कार्य किया गया। वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत जो गतिविधियां संचालित की गयी। उसका विवरण निम्नवत है।

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

युवा विकास समिति द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के 4 तहसीलों में जिला स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन अलग–अलग तिथियों में किया गया। जिसके तहत स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों नें विभिन्न माडल प्रदर्शित किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा निर्मित माडलों को देखकर ऐसा महसूस हो रहा था कि वे राष्ट्र एवं समाज की समस्याओं से भली भांति परिचित भी हैं और उनका निराकरण करने का उत्साह भी रखते हैं। छात्रों ने पाल्यूशन एन्ड सोलूशन, प्रोटॅान ऐंड न्यूट्रॉन, सीवेज ट्रीटमेंट, एलेक्ट्रिक सेविंग, सिस्टम, विंड मिल, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, स्टिम पॉवर जनरेटर, हाइडरॉलिक क्रेन, ग्लोबल वार्मिंग, हाइड्रो मशीन इत्यादि संबंधी संयंत्र बनाए तथा उन पर विस्त्रित चर्चा भी की। इस दौरान अतिथियों द्वारा मेले में लगाये गये विज्ञान स्टालों पर जाकर भी जानकारी प्राप्त किया। जहॉ उन्होने वर्मी कम्पोस्ट,स्वच्छ पेयजल,स्वास्थ्य पोषण,विज्ञान का दैनिक जीवन में प्रयोग, वजन रक्त जॉच इत्यादि पर भी जानकारी प्राप्त किया गया। इसके बाद अतिथियों का काफिला इस संदेश के साथ वापस गया कि प्रति वर्ष इसी तरह यहॉ विज्ञान प्रदर्शनी का





सफल आयोजन हो और सभी लोग इसमें बढ चढकर हिस्सा लें। कार्यक्रम में ब्लड ग्रुप की जांच, मिलावट की जांच, वजन द्वारा स्वास्थ्य निगरानी, विज्ञान के सरल प्रयोग सहित अनेको जानकारी दी गई।



इस दौरान बच्सोचे लर सिस्टम, आपदा प्रबंधन, चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या, विज्ञान के सरल प्रयोग सहित कई मुद्दों पर निपुण हो पाये हैं। ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से वह विज्ञान की महत्वा व अंधविश्वास के खिलाफ जो प्रदर्शन किया गया है वह काफी सराहनीय रहा है। इसी बीच प्रदर्शनी में चमत्कारों के व्याख्याता व संस्था के सचिव वृहस्पति कुमार पाण्डेय ने विज्ञान के चमत्कारों को दिखाकर लोगो के मन में बैठे ढोंग को निकालने का काम किया। इसी क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतियोगियों में भी पुरस्कृ तकिया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन का विवरण

| क्रमांक | तहसील | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बूढ़नपुर | धनन्जय पब्लिक स्कूल, जगदीशपुर, अतरौलिया, तहसील–बूढ़नपुर जनपद–आजमगढ़ | 07 जुलाई 2023 से 09 जुलाई 2023 तक | 6000 |
| 2. | आजमगढ़ | माडर्न पब्लिक स्कूल भदुली,जनपद–आजमगढ़ | 21 जुलाई 2023 से 23 जुलाई 2023 तक | 6000 |
| 3. | निज़ामाबाद | महर्षि दत्रात्रेय स्कूल,गौसपुर, निज़ामाबाद, उत्तर प्रदेश | 25 जुलाई 2023 से 27 जुलाई 2023 तक | 6000 |
| 4. | सगड़ी | भारतीय जनता कन्या इंटर कालेज, खरगपुर, कन्धरापुर, सगड़ी, जनपद– आजमगढ | 03 अगस्त 2023 से 05 अगस्त 2023 तक | 6000 |

## जल जीवन मिशन इंप्लीमेंट्शन सपोर्ट एजेंसी

युवा विकास समिति जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के दो जनपदों क्रमशः बलरामपुर और अम्बेडकरनगर में उत्तर प्रदेश सरकार व राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के सहयोग से इंप्लीमेंट्शन सपोर्ट एजेंसी के तौर पर कार्यरत है। जिसके तहत संस्था द्वारा ग्राम पंचायतों में हितभागियों और ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के परिचय, घटक,


हितभागी और उद्देश्य पर जाकारियां दी जा रहीं है। इसके अलावा वी डब्ल्यू एस सी/पानी समिति /उपयोगकर्ता समूह का गठन, कार्य भूमिका और अभिमुखीकरण और उससे जुड़े दस्तावेज तैयार करने में सहयोग कर रही है। संस्था द्वारा ग्राम स्तर पर ग्राम कार्ययोजना (वी ए पी) का निर्माण, ग्राम सभा बैठक व उससे जुड़े दस्तावेज तैयार करना, बेस लाइन डाटा सत्यापन वाटर सिक्योरिटी प्लान तैयार करने पर भी जानकारियाँ दी जा रहीं है।
संस्था युवा विकास समिति गाँवों में बड़ी सामुदायिक बैठक/न्यूनतम 80 प्रतिशत परिवारों की सहमति पीडब्ल्यूएस, कैपेक्स में सामुदायिक योगदान और ओ एंड एम के लिए मासिक उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान हेतु ग्रामीणों को प्रेरित भी कर रही है। इसके साथ ही मासिक महिला बैठक का आयोजन, मासिक महिला पुरुष आम समूह बैठक, ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन/संसाधन मानचित्रण, इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन (आईपीसी) अंतरवैयक्तिक संचार) रैली और हैण्डवाश मासिक प्रभात फेरी और हाथ धोने का कार्यक्रम, दीवार लेखन के लिए जगह की पहचान संबंधित संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के लिये), वित्तीय प्रबंधन पर प्रशिक्षण और रिकॉर्ड कीपिंग व समुदाय के साथ सोशल ऑडिट में सहयोग कर रही है।

## सात दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन

बस्ती जनपद उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में स्थित साहित्य और लेखन के दृष्टि से बहुत समृद्ध जिला रहा है। यहाँ आचार्य राम चन्द्र शुक्ल, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, लक्ष्मी नारायण लाल जैसे लेखकों की जन्म स्थली रही है। वर्तमान में भी यहाँ अष्ठभुजा शुक्ल, अरविन्द कुमार सिंह जैसे विश्व प्रसिद्द लेखको नें इस परम्परा को आगे बढाया है। निःसंदेह पुस्तकें ज्ञान का भंडार व अनमोल होती हैं। पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र भी होती हैं। पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन व प्रोत्साहन करती हैं। पुस्तकों द्वारा ही महापुरुषों/विद्वानों के विचार अमर हो जाते हैं। उनका ज्ञान, उपदेश सदैव जीवित रहता है।



बस्बती जिले की साहित्स्तीयिक परम्परा को ध्यान में रखते हुए युवा विकास समिति द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया के सहयोग से सात दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 07 जनवरी 2024 से 13 जनवरी 2024 तक टाउन क्लब परिसर, गांधीनगर, जनपद– बस्ती, उत्तर प्रदेश में किया गया।
इस पुस्मेंतक मेले का उद्देश्य लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि पैदा करना रहा। यहाँ आयोजित



किये पुस्तक मेले का लाभ बस्ती सहित, गोरखपुर, अयोध्या, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर,कुशीनगर, सहित कई जिले के पुस्तक प्रेमियों मिला।

इस पुस्तक मेले के आयोजन से जहां पुस्तकों में रूचि रखने वालों को एक ही स्थान पर अनेकों विषयों की पुस्तकों का भंडार मिला, वहीं पुस्तक प्रकाशकों को भी अपनी पुस्तकें प्रस्तुत करने के लिए एक उचित मंच मिला।




इसके अतिरिक्त मेले में प्रकाशक नई पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। जिसमें लेखकों व पाठकों में वार्तालाप भी भी आयोजित किया गया। जिससे पाठकों को लेखकों से सीधी बात करने का अवसर भी मिला। वहीं नए लेखक भी मेले में आए विशिष्ट अतिथियों से अपनी पुस्तकों का विमोचन कराने का अवसर प्राप्त कर पाए। जिससे उनका और उनकी पुस्तकों का निशुल्क प्रचार भी हुआ।

इस पुस्तक मेले में पुस्तक प्रोन्नयन से जुड़े विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूली छात्र– छात्राओं द्वारा किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत इस साल के थीम इन्वेस्ट इन वीमेन एक्सलेरेट प्रोग्रेस यानी महिलाओं में निवेश करें और प्रगति में तेजी लाएं विषय पर एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यशाला, सेमिनार और डाक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब बस्ती में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और युवा विकास समिति के तत्वाधान में किया गया। जिसमें इनमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान हुआ, तो वहीं ट्रेनिंग कार्यशाला, सेमीनार और डाक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग के जरिये से महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन को लेकर विचार–विमर्श हुआ।


12 दैनिक जागरण गोरखपुर, 22 फरवरी, 2024

**हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ी सहभागिता**

युवा विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई कार्यशाला

इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण अधिकारी वीना सिंह नें कहा की ने कहा कि गांवों में किसान महिलाएं पुरुषों की ही तरह कड़ी मेहनत कर रही हैं। इसलिए उन्हें बराबर का अधिकार भी मिलना जरूरी है। अब बैंक खाते से लेकर जमीन पर अधिकार में उनका नाम दर्ज होता है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के संपत्ति में अधिकार की शुरुआत हुई है। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया बस्ती–2 शाखा के प्रबंधक अशोक तिवारी नें महिलाओं के बराबरी के लिए संचालित बैंकिंग योजानाओं के बारे में जानकारी दी।

Vikas Samiti * Basti *
Brihaspati

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र मोहन पाण्डेय नें महिलाओं के व्यक्तित्व के विकास पर जोर देने की बात कही और स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने के तरीकों को भी बताया। राजकीय कन्या इन्टर कालेज की प्रधानाचार्या नीलम सिंह नें महिलाओं की नेतृत्व क्षमता के विकास और सशक्तिकरण को परिवार और समाज में निर्धारित भूमिका के आधार पर समझाने का प्रयास किया।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी डॉ लक्ष्मी सिंह नें कहा कि नारी शुरू से ही सशक्त है। सिर्फ उन्हें याद दिलाने की जरूरत है। नारी से ही जगत है, इसलिए नारी को ही शक्ति रूपा आदि स्वरूपा भी कहा गया ह। प्रत्येक क्षेत्र में नारी स्वयं आगे बढ़ रही है।

डॉ. नवीन सिंह नें कहा की महिलाओं को एक नागरिक होने की हैसियत से यह अधिकार है कि उनके नाम से संपत्ति हो। इसका गहरा प्रभाव उनकी जिंदगी पर पड़ता है।

नेशनल हैण्ड बाल खिलाड़ी हिना खातून नें कहा कि आज भी खेल में सबसे ज्यादा मैडल महिलाएं लाती हैं, इससे यह साबित होता है की महिलाएं कमजोर नहीं है।

सेमीनार के दौरान उपस्थित लोगों को महिला अधिकारों के प्रति संवेदित करने के लिए मर्द, मुस्कान, फाइव डेज फ़िल्में दिखाई गई।

में इस मौके पर शुभ्रा सिंह, नीलम मिश्र, संध्या दीक्षित, मा। इकबाल, गरुनाध्वज पाण्डेय, डॉ प्रेम शंकर, डॉ. कल्पना. डॉ. श्रृंखला श्रीवास्तव,डॉ पूजा श्रीवास्तव, सन्नो दूबे, अरुण कुमार, सरिता सावलानी,अरविन्द बहादुर पाल, रिंकी सावलानी, अनुराधा गुप्ता, सुधांशु अग्रवाल, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ ज्योति सिंह, सरिता शुक्ला, श्वेता श्रीवास्तव,संजय गौतम, लक्ष्मी अरोड़ा, विशाल पाण्डेय, राम मोहन पाल, डॉ शकील सिद्दीकी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



## महिलाओं को बराबर का अधिकार भी मिलना जरूरी– वीना सिंह

बस्ती। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत इस साल के थीम इन्वेस्ट इन वीमेन एक्सलेरेट प्रोग्रेस यानी महिलाओ मे निवेश करे और प्रगति मे तेजी लाए विषय पर एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यशाला सेमिनार और डाक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब बस्ती मे विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और युवा विकास समिति के तत्वाधान मे किया गया। जिसमे इनमे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ का सम्मान हुआ तो वही ट्रेनिंग कार्यशाला सेमीनार और डाक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग के जरिये से महिला सशक्तीकरण और स्वावलम्बन को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण अधिकारी वीना सिंह ने कहा की ने कहा कि गावो मे किसान महिलाए पुरुषो की ही तरह कड़ी मेहनत कर रही है। इसलिए उन्हें बराबर का अधिकार भी मिलना जरूरी है। अब बैंक खाते से लेकर जमीन पर अधिकार मे उनका नाम दर्ज होता है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के संपत्ति मे अधिकार की शुरुआत हुई है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बस्ती-2 शाखा के प्रबंधक अशोक तिवारी ने महिलाओ के बराबरी के लिए संचालित बैंकिंग योजनाओ के बारे मे जानकारी दी। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवेंद्र मोहन पाण्डेय ने महिलाओ के व्यक्तित्व के विकास पर जोर देने की बात कही और स्वयं



के व्यक्तित्व को निखारने के तरीकों को भी बताया। राजकीय कन्या इन्टर कालेज की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने महिलाओ की नेतृत्व क्षमता के विकास और सशक्तिकरण को परिवार और समाज मे निर्धारित भूमिका के आधार पर समझाने का प्रयास किया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने कहा कि नारी शुरू से ही सशक्त है। सिर्फ उन्हे याद दिलाने की जरूरत है। नारी से ही जगत है, इसलिए नारी को ही शक्ति रूपा आदि स्वरूपा भी कहा गया है प्रत्येक क्षेत्र मे नारी स्वयं आगे बढ़ रही है। डॉ नवीन सिंह ने कहा की महिलाओं को एक नागरिक होने की हैसियत से यह अधिकार है कि उनके नाम से संपत्ति हो। इसका गहरा प्रभाव उनकी जिंदगी पर पड़ता है। नेशनल हैण्ड बाल खिलाड़ी हिना खातून ने कहा कि आज भी खेल मे सबसे ज्यादा मैडल महिलाए लाती है, इससे यह साबित होता है की महिलाए कमजोर नहीं है।

सेमीनार के दौरान उपस्थित लोगो को महिला अधिकारों के प्रति संवेदित करने के लिए मर्द मुस्कान फाइव डेज फिल्मे दिखाई गई। मे इस मौके पर शुभ्रा सिंह, नीलम मिश्र, संध्या दीक्षित, मो इकबाल, गरुनाध्वज पाण्डेय, डॉ प्रेम शंकर, डॉ कल्पना, डॉ श्रृंखला श्रीवास्तव, डॉ पूजा श्रीवास्तव, सन्नो दूबे, अरुण कुमार, सरिता सावलानी, अरविन्द बहादुर पाल, रिंकी सावलानी, अनुराधा गुप्ता, सुधांशु अग्रवाल, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ ज्योति सिंह, सरिता शुक्ला, श्वेता श्रीवास्तव, संजय गौतम, लक्ष्मी अरोड़ा, विशाल पाण्डेय, राम मोहन पाल, डॉ शकील सिद्दीकी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं को बराबर का अधिकार भी मिलना जरूरीः वीना सिंह

बस्ती।



इसके अलावा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से युवा विकास समिति व विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाओं से के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बस्ती व अम्बेडकरनगर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## युवा संवाद/2047 भारत के पंच प्रण युवा पर परिचर्चा

रुधौली विकास खंड के विन्देश्वरी इंटर कालेज परिसर में युवा विकास समिति बस्ती द्वारा नेहरू युवा केंद्र बस्ती के सहयोग से आयोजित युवा संवाद/2047 भारत के पंच प्रण युवा पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने भारत के पंच प्रण पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भारत के पांच प्रण पर देश का भविष्य निर्भर है। जिसके लिए प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच के आधार पर पांच प्रण निर्धारित किए गए हैं। अगर देश का हर व्यक्ति इन पांच प्रणों का अनुसरण करे तो 2047 तक भारतवर्ष विकसित देशों में सर्वोपरि होगा और विश्वगुरू बनेगा।



नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव नें पांचों प्रणों पर विस्तार से चर्चा की और पंचप्रण के पहले प्रण विकसित भारत पर कहा कि इसका अर्थ है दास्तां की जंजीर तोड़ कर आगे बढ़कर देश को विश्व गुरु बनाने का प्रण लेना है। इसके लिए राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना होगा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा हो तो भूख–प्यास नहीं लगती केवल लक्ष्य दिखाई देता है। उन्होंने युवाओं को अपने देश की सभ्यता और संस्कृति अपनाने की सीख दी।



सन्दर्भ व्यक्ति नेशनल अवार्डी एडवोकेट किसान राम मूर्ति मिश्र ने कहा कि प्रयास करने से सब कुछ संभव है। ओम प्रकाश मिश्र नें बच्चों को पंच प्रण आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। देश के नाम अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विकास और भविष्य के लिए अगले 24 वर्ष बेहद महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने यूवाओं को संबोधित करते हुए कहा की अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नें भाषण में आजादी के 'अमृत काल' में 'पंच प्रण' के संकल्प का आह्वान किया है, जो देश की

आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर देश की स्थिति के दिशादर्शक तत्व है। प्रधानमंत्री जी ने कहा की 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे और इस पंच प्रण को स्वर्णिम काल तक हमे पूरा करना है। उन्होंने कहा की 'पंच प्रण' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'विकसित भारत', 'गुलामी से मुक्ति', 'विरासत पर गर्व', 'एकता और एकजुटता' और 'नागरिकों का कर्तव्य' को रखा है।

सन्दर्भ व्यक्ति नेशनल अवार्डी एडवोकेट किसान राम मूर्ति मिश्र ने पहले पंच प्रण संकल्प 'विकसित भारत' पर संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' में पहला बड़ा संकल्प है– विकसित भारत। उन्होंने कहा कि अब देश बड़े संकल्प लेकर चलेगा। छोटे–छोटे संकल्प का अब समय नहीं है। आने वाले 24 वर्षों में हमें किसी भी कीमत पर विकसित भारत चाहिए, उससे कुछ कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि स्वच्छता अभियान, कोरोना वैक्सीनेशन अभियान, ढाई करोड़ लोगों को बिजली कनेक्शन, खुले में शौच से मुक्ति, रिन्यूअल एनर्जी, हम सभी मानकों पर संकल्प से आगे बढ़ रहे हैं। इन्हीं सभी बड़ी चीज़ों ने भारत के विकसित देश की नींव डाली है।

संदर्भ व्यक्ति राम आशीष नें पंच प्रण के तहत दूसरे संकल्प को याद दिलाते हुए युवाओं को बताया की पंच प्रण' में दूसरा संकल्प 'गुलामी से मुक्ति' है। उन्होंने कहा की हमारे मन के भीतर किसी भी कोने में गुलामी का एक भी अंश न बचा रहे। यदि जरा भी गुलामी है तो उसको किसी भी हालत में बचने नहीं देना है। उसे उखाड़ फेंकना है। सैकड़ों वर्षो की गुलामी ने जो हमें जकड़कर रखा है, हमें उससे 100 फीसदी मुक्ति पानी ही होगी। क्योंकि गुलामी किसी भी देश को दीमक की तरह धीरे–धीरे खा जाती है, जिसका लंबे समय बाद पता चलता है।

संदर्भ व्यक्ति सच्चिदानंद पाण्डेय नें कहा की तीसरा संकल्प है विरासत पर गर्व। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हमें अपने देश की विरासत पर गर्व होना चाहिए। हमें अपने सामर्थ्य पर भरोसा होना चाहिए। इसी विरासत ने भारत को कभी स्वर्ण काल दिया था। हमें अपनी पारिवारिक व्यवस्था पर भी गर्व करना है। हमारी विरासत को विश्व मान रहा है। भारत की जीवनशैली से से विश्व प्रभावित है। सबके सुख और सबके आरोग्य की बात करना हमारी विरासत की प्राथमिकता है। हम वे लोग हैं जो जीव में शिव देखते हैं। हमें विश्व से किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं। देश को अपना एक मानक बनाना होगा। हम अपनी धरती से जुड़ेंगे, तभी ऊंचा उड़ेंगे। ग्लोवल वार्मिंग के हल के लिए समूचा विश्व भारत की ओर देख रहा है। हमारे पास विश्व को देने के लिए बहुत कुछ है। भारत के पास अनमोल क्षमता है। हमारा अनुभव कहता है कि एक बार अगर हम सब संकल्प लेकर पथ पर चल पड़ें तो हम निश्चित ही निर्धारित लक्ष्यों को कैसे भी पार कर लेते हैं।

## पंच प्रण से विकसित बनेगा देश जिला समाज कल्याण अधिकारी

निर्वाण टाइम्स ब्यूरो



बस्ती। रुधौली विकास खंड के विन्देश्वरी इंटर कालेज परिसर में युवा विकास समिति बस्ती द्वारा नेहरू युवा केंद्र बस्ती के सहयोग से आयोजित युवा संवाद2047 भारत के पंच प्रण युवा पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने भारत के पंच प्रण पर विस्तार मे चर्चा की। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भारत के पाच प्रण पर देश का भविष्य निर्भर है। जिसके लिए प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच के आधार पर पाच प्रण निर्धारित किए गए हैं। अगर देश का हर व्यक्ति इन पाच प्रणों का अनुसरण करें तो 2047 तक भारतवर्ष विकसित देशों मे सर्वोपरि होगा और विश्वगुरू बनेगा। नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने पाचों प्रणों पर विस्तार से चर्चा की और पंचप्रण के पहले प्रण विकसित भारत पर कहा कि इसका अर्थ है दास्ता की जंजीर तोड़ कर आगे बढ़कर देश को विश्व गुरु बनाने का प्रण लेना है। इसके लिए राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना होगा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा हो तो भूख-प्यास नहीं लगती केवल लक्ष्य दिखाई देता है। उन्होंने युवाओं को अपने देश की सभ्यता और संस्कृति अपनाने की सीख दी। नेशनल अवार्डी किसान राम मूर्ति मिश्र ने कहा कि प्रयास करने से सब कुछ संभव है। ओम प्रकाश मिश्र ने बच्चो को पंच प्रण आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 24 वर्षों यानी 2047 तक के दौरान देश को औपनिवेशिक मानसिकता और रूढ़िवादी विचारो से मुक्त करके एक नई सोच वाले भारत की शुरुआत करने का सपना देखा है और नौजवानो से इसका हिस्सा बनने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री प्रकाश पाण्डेय ने सभी अतिथियों और युवाओं को प्रधानमंत्री द्वारा जारी पाच प्रतिज्ञाएं दिलाकर इस अभियान का हिस्सा बनने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में देश महान गुरु बनने जा रहा है. और इस औद्योगिक क्रांति का श्रेय प्रधानमंत्री को जाएगा। इस दौरान राम आशीष, डॉ सच्चिदानंद, डॉ एस के सिंह, अनूप कुमार, विजयनाथ तिवारी, ने भी अपना विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन दीपक सिंह प्रेमी ने किया। इस दौरान धर्मेन्द्र पाण्डेय, राहुल पटेल, कुलदीप कुमार सहित 250 से भी अधिक युवा मौजूद रहे।

संदर्भ व्यक्ति महेंद्र त्रिपाठी नें युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की चौथे प्रण एकता और एकजुटता के तहत हमें अपनी देश की विविधता को बड़े उल्लास से मनाना चाहिए। लैंगिक समानता, फर्स्ट भारत, देश के श्रमिकों का सम्मान इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश में नारी का अपमान एक प्रमुख विकृति है, जिससे निजात पाने का रास्ता हर हाल में खोजना ही होगा। जब हम अपनी धरती से जुड़ेगे, तभी हम ऊंची उड़ान भरेंगे तभी विश्व को समाधान दे पाएंगे। क्योंकि किसी देश की सबसे बड़ी ताक़त उस दे श की एकता और एकजुटता में लीन होती है। अगर ये न हों तो देश के पतन की शुरुआत होने लगती है।

सन्दर्भ व्यक्ति दीपक सिंह प्रेमी नें पांचवें प्रण नागरिकों के कर्तव्य पर बोलते हुए कहा की नागरिकों का कर्तव्य देश और समाज की प्रगति का रास्ता तैयार करता है। यह मूलभूत प्रणशक्ति है। देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति भी इससे बाहर नहीं हैं। बिजली की बचत, खेतों में मिलने वाले पानी का पूरा इस्तेमाल, केमिकल मुक्त खेती, हर कीमत पर भ्रष्टाचार से दूरी आदि हर क्षेत्र में नागरिकों की जिम्मेदारी और भूमिका बनती है। किसी देश का प्रत्येक नागरिक अगर अपना कर्तव्य निष्ठा पूर्वक निभाने लगे तो देश हमेशा मजबूती से खड़ा रहता है और हर क्षेत्र में आगे बढ़ता रहता है। आने वाले 24 वर्ष के लिए हमें भी उन पंच प्रण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा। हमें पंच प्रण को लेकर वर्ष 2047 तक चलना है, जब आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे। हमें आजादी के दिवानों के सारे सपने पूरे करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा।

कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री प्रकाश पाण्डेय ने सभी अतिथियों और युवाओं को प्रधानमंत्री द्वारा जारी पांच प्रतिज्ञाएं दिलाकर इस अभियान का हिस्सा बनने की शपथ दिलाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मकसद लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करना ह। प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के लिए विश्व पर्यावरण मनाया जाता ह। पर्यावरण और और मानव जीवन के बीच एक अटूट रिश्ता ह। प्रकृति ने इंसानों को सब कुछ दिया है, हालांकि प्रकृति के प्रति मनुष्य अपनी जिम्मेदारी भूल चुके ह। नतीजा यह है कि आज विश्व प्रदूषित पर्यावरण और प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप को झेल रही ह। पिछले कुछ सालों में वैज्ञानिकों ने पर्यावरण की गंभीर गिरावट को महसूस किया ह।




इन मुद्दों में ध्यान में रखते हुए युवा विकास समिति द्वारा 05 जून से 25 जून 2023 तक विश्व पर्यावरण दिवस माह मनाया गया. जिसके तहत बस्ती जनपद में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

जिसके तहत मुख्य कार्यक्रम में युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से युवा विकास समिति द्वारा प्रेस क्लब बस्ती में आयोजित सेमिनार और वर्कशॉप में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रोशनी श्रीवास्तव नें कहा की संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के दिशा निर्देशों के तहत पूरे दुनियां में इस साल "प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान" के समाधान पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं इसे में हमें एकजुट होकर प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने को संकल्पबद्ध होना होगा.




विशिष्ठ अतिथि बाल संरक्षण अधिकारी वीना नें कहा की विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों में पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल प्रभाव आदि के बारे में जागरूक करना ह।

चिकित्सा अधिकारी लक्ष्मी सिंह नें कहा की प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए बेहतर कदम उठाना और पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाना क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण के साथ साथ जीव जंतुओं और मनुष्य को बहुत नुकसान पहुंचाता है,



डॉ नवीन सिंह ने कहा की इसके उपयोग से न केवल पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है बल्कि अनेक प्रकार की बिमारियां उत्पन्न होती है,साथ ही प्लास्टिक से जल और हवा में भी प्रदूषण फैलता ह।

राजकीय कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य नीलम सिंह नें कहा की हमें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के साथ प्लास्टिक को रिसाइकिल करने के साथ प्लास्टिक को खत्म पूरी तरह से ख़त्म करने के समाधान पर जोर देना होगा.

योगाचार्य सन्नो दूबे नें कहा की पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मात दे रही है। इस लिए हमें स्वयसेवक के तौर पर इसमें प्रतिभाग करना चाहिए.




रीता पाण्डेय नें कहा की

पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए कम्पोस्ट का पुनर्चक्रण करें ,पानी का संरक्षण करें और कम ऊर्जा का उपयोग करें.
अनूप पाल नें कहा की पर्यावरण की संस्रक्षण के लिए अधिक लोगों को शिक्षित करें और पर्यावरण के मुद्दों के बारे में अपने दोस्तों, परिवार और सहकर्मियों से बात करें और उन्हें कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करें.
अंत में युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पाण्डेय नें उपस्थित लोगो को बताया की इस साल विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 15 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है जिसमें प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने पर विशेष जोर दिया जायेगा. जिसके विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और युवा विकास समिति द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के दिशानिर्देशों को ध्यान में रख कर किया जाएगा. इस अभियान के तहत गोष्ठी, सेमिनार, वर्कशॉप, पेंटिंग प्रतियोगिता, वन भ्रमण, और पौध रोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।
कार्यक्रम के अंत में लोगों को फलदार पौधे जिसमें आम, लीची, अमरुद, आंवला, इत्यादि के लगभग 200 पौधे भी वितरित किये गए. इस मौके पर अवधेश पाण्डेय, प्रशांत, जय प्रकाश उपाध्याय, रीता पाण्डेय, माधुरी, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रशांत, सहित अनेकों लोग मौजूद रह।

## राष्ट्रीय युवा दिवस

युवा विकास समिति द्मेवारा 12 जनवरी 2024 को टाउन क्लब बस्ती में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता, विवेकानंद जी की जीवनी व यातायात व सड़क सुरक्षा जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम मे 27वे राष्ट्रीय युवा मोहोत्सव, नाशिक मे प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी, के उद्घाटन समारोह के भाषण की भी लाइव स्ट्रीमिंग की गई।
कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि, जिला समाज कल्जीयाण अधिकारी श्री प्रकाश पाण्डेय जी थे। उन्होंने युवाओ से भेंट करते हुए कहा की विवेकानंद जी के जीवन ने उन्हे अत्यंत प्रेरणा दी है। उन्होंने आदर्शों पर ही उनका जीवन निर्भर है और इसीलिए वह राजनीति मे आए जिससे लोगों की मदद करते हुए उन्हे सही राह दिखा सके। उन्होंने आगे बताते हुए कहा की भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी आज के समय के विवेकानंद हैं जो निरंतर देश व युवाओं के लिए कार्य कर रहे हैं।
राम मूर्ति मिश्र ने स्वागत भाषण में कहा की युवा सजग रहेगा तभी देश तरक़्क़ी करेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन और संदेश पर युवाओं को संबोधित किया।

## इंटीग्रेटेड डेवेलपमेंट प्रोग्राम (आई डी पी)

युवा विकास समिति द्इंवारा इन्टीडियन डेवेलपमेंट फाउंडेशन मुम्बई के सहयोग से इंटीग्रेटेड डेवेलपमेंट प्रोग्राम (आई डी पी) के तहत बाल कल्याण कार्यक्रम के तहत बाल श्रम में लगे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षित किये जाने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम बनकटी ब्लाक के इटहर में गांव में संचालितकिया गया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

युवा विकास समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बस्ती सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर जनपदों में साल 2023–2024 में लगातार एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता का अभाव व नियमों के पालन में जानकारी दी गई। इसके तहत लोगों को गुलाब, चॉकलेट और फूलों सहित सड़क सुरक्षा पत्रक सड़क पर यात्रा करने वाले यात्रियों

में बाँटे गए। साथ ही सड़क पर आने–जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा के साधनों, तरीकों और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी गई । लोगों को बताया गया की सड़क पर कहीं भी ड्राइविंग करते समय हेलमेट या सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए।
स्कूलों में पेंटिंग और कला प्रतियोगिताएं, सड़क सुरक्षा घोषणाएं, प्रदर्शनियों, सड़क नियमों का परीक्षण, हेलमेट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए लड़कियों की स्कूटर रैली, अखिल भारतीय रेडियो पर सड़क सुरक्षा पर वाद–विवाद, कार्यशालाएं, सेमिनार आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अलावा चालकों को सड़क सुरक्षा की ओर प्रोत्साहन देने के लिए मुफ्त चिकित्सा जाँच और ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

## दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम

युवा विकास समिति द्वारा आँटिज्म,सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और एकाधिक दिव्यांगजन के कल्याणार्थ गतिविधियों व कार्य क्रमों का सञचालन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुनर्वास व कौशल वृद्धि के लिए संस्था के प्रशिक्षित कार्यकर्ता अपने देख रेख में प्रशिक्षण प्रदान कर रहें है। इसके अलावा युवा विकास समिति द्वारा द्वारा विकास खण्ड बस्ती सदर, के 10 गाँवों का व्यापक सर्वे कर दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया। इसके उपरान्त उनके पुर्नवास हेतु विभिन्न विभागो से समन्वय कर उन्हे सरकारी सहायता म मुहैया कराने में मदद की गयी। प्रति वर्ष की भांति वर्ष 2023–24 में 10 मार्च 20224 को संस्था द्वारा बस्ती सदर ब्लाक के सोनूपार में दिव्यांगजन पुनर्वास व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दिव्यांगजन को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी विख्यात सामाजिक कार्य कर्ता राधेश्याम चौधरी द्वारा दी गयी व दिव्यांगजन के लिए संस्था द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम में 12 दिव्यांगजन शामिल रहे।



प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2023–24 में भी संस्था द्वारा अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसियेशन मुम्बई के सहयोग से बस्ती जनपद में से ठण्ड से बचाव हेतु निःसक्तजनों को 200 कम्बल वितरित किया गया।

## नेशनल ट्रस्ट के अधीन संचालित कार्यकम

राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली उदेश्यों की पूर्ति हेतु द्वारा मानसिक व शारीरिक दिव्यांगता, सेरेब्रल पैल्सी, आस्टिज्म, गूंगे– बहरे, कमजोर दृष्टि, अंधता व बहु दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्तियों का सर्वेक्षण कराया गया। भारत सरकार के राष्ट्रीय न्यास द्वारा मानसिक मंदित व सेरेब्रल पाल्सी के दिव्यांगजनों को निरामया योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कराने की जानकारी दी गई। संस्थान द्वारा मानसिक मंदित व सेरेब्रल पाल्सी, आटिज्म व बहु–

दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए अंशकालिक कक्षाओं का सचालित किया जा रहा है। चार प्रकार की दिव्यांगता वाले बच्चों के लिएं एलिम्को कानपुर व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा एम0आर0 किट उपलब्ध कराया गया।



## दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग लगवाना

कटे हुए हाथ व पैर तथा टेढ़े– मेढ़े– हाथ व पैर जो कृत्रिम अंग लगवाने के बाद अपने पैरो पर खड़े होकर सामान्य रूप से जीवन जी सके ऐसे लोगो को एलिम्को कानपुर व महावीर विकलांग संस्थान जयपुर में जाकर कृत्रिम अंग की जानकारी दी गई।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम

युवा विकास समिति द्वारा बस्ती प्रेस क्लब में 15 सितम्बर 2023 को तंबाकू नियंत्रण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित युवाओं को तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी गई। तंअतिथियों नें युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग भी आपके आसपास तंबाकू उत्पाद का प्रयोग कर रहे हैं, उनको छोड़ने की सलाह दें। यदि तंबाकू छोड़ने में किसी तरह की कोई कठिनाई हो रही है तो परामर्श लेने के लिए नशा मुक्ति केंद्र की सेवा ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में 60 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

युवा विकास समिति द्वारा एक माह के संस्कृत नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन 01 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 तक किया गया। इसमें प्रतिभागियों को आंगिक, वाचिक, आहार्य एवं सात्विक अभिनय का प्रशिक्षण दिया गया । जिसके समापन अवसर पर विष्णुदत्त त्रिपाठी द्वारा रचित संस्कृत नाटक विद्योतिमा की अभ्यास प्रस्तुति का मंचन किया गया। यह नाटक कथावस्तु महाकवि कालिदास के जीवन इतिहास से संबंध रखता है।



जिसमें विद्योतमा के पाण्डित्य एवं कालिदास की मूर्खतापूर्ण रोमांच कथानक के साथ विद्योतमा की पराजय और कालिदास के पाण्डित्य की प्राप्ति नाटक में अभिमंचित है। समापन समारोह में कलाप्रेमियों का प्रवेश निशुल्क रखा गया था।

## अल्पसंख्यकों के विकास पर कार्यशाला

अल्पसंख्यकों के विकास एवं उनके शिक्षा स्तर को बढ़ाने, स्वास्थ्य सुविधा की बेहतरी के उद्देश्य अन्तर्गत युवा विकास समिति द्वारा 17 नवम्बर 2023 को अम्बेडकर नगर जिले के रामनगर ब्लाक मुख्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा भारत सरकार उक्त लाभप्रद योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी उपलब्ध कराई।

## भाषा विकास कार्यक्रम

संस्था द्वारा 20 फरवरी 2024 को उर्दू भाषा कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड बनकटी के इटहर गाँव में एक दिवसीय उर्दू भाषा विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के जाने माने फनकारों व विशशज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उर्दू भाषा के विकास के मुद्दों पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया।

## अक्षय धागा प्रोजेक्ट

युवा विकास समिति द्वारा अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसियेशन मुम्बई के सहयोग से युवतियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अक्षय धागा प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है।जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवतियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने महिलाओं में स्वावलंबन की भावना विकसित कराने एवं उन्हे आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए सिलाई–कटाई का छः मासिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक प्राप्त करने वाली महिलाओं और लड़कियों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र देकर स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाता है। जिससे महिलाओं में स्वालंबन, आत्म निर्भरता के साथ उनके अंदर कौशल का विकास किया जा सके।



| क्रमांक | जिला | लोकेशन | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बस्ती | विकास खंड बनकटी, ग्राम पंचायत थरौली | 56 |
| 2. | अयोध्या | विकास खंड मया बाज़ार, मया बाज़ार,अयोध्या | 27 |
| 3. | अम्बेडकरनगर | विकास खंड जलालपुर, कजपुरा पिडैला, अम्बेडकरनगर | 27 |
| 4. | संतकबीर नगर | विकास खंड सांथा , ग्राम सिरसिया तिवारी, संतकबीर नगर | 27 |
| 5. | सिद्धार्थनगर | नरही बुजुर्ग, सिद्धार्थ नगर | 25 |

## जीव जन्तु कल्याण–

वर्ष 2023–24 में जीव जन्तु कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्था द्वारा लगातार तीसरे वर्ष प्यासा पंक्षी नामक अभियान चलाकर विलुप्त प्राय पंक्षियों को बचाने का प्रयास किया गया। इसमें मीडिया, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, किसान, व बुद्धिजीवियों ने अपना सहयोग किया। यह कार्यक्रम जनपद बस्ती, अम्बेडकरनगर, सन्तकबीरनगर, व सिद्धार्थनगर में संचालित किया गया।

## वाचनालय एंव पुस्तकालय

Yuva Vikas Samiti Secretary Basti

युवा विकास समिति संस्था के प्रधान कार्यालय थरौली पर एक वाचनालय एंव पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। पुस्तकालय में अग्रेंजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू भाषा की पुस्तके वाचनालय में उपलब्ध है, साथ–साथ इस पुस्तकालय में मासिक पत्र–पत्रिकाए व दैनिक अखबार भी मंगाये जाते है। सन् 2023–2024 में कुल 1089 लोगों ने इस पुस्तकालय से पुस्तके प्राप्त कर विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## हैंडीक्राफ्ट प्रोग्राम



युवा विकास समिति द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बस्ती जिले के बनकटी ब्लाक में साल 2023.24 में हैंडीक्राफ्ट प्रोग्राम के तहत मूंज उत्पाद टोकरी, डलिया, पेपर वेट, पर्स, लैंप, चपाती बाक्स, फ्रूट बास्केट, ब्रेड बास्केट, वॉल हैंगिंग, टी पोस्टर, टेबल मैट, सुहाग पिटारा आदि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 10 गांवों में मूंज क्राफ्ट, लघु व कुटीर उद्योग के रूप में स्वरोजगार का जरिया बनाने का प्रयास किया गया।

Yuva Vikas Samiti
Secretary
Basti